तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 निरई माता के दर्शन करने उमड़ेगी भक्तों की भीड़



14 नौ दिनों तक माता की भक्ति में डूबेंगे श्रद्धालु




# स्टेशनपारा से हटाया जायेगा अतिक्रमण

- कलेक्टर ने रेल अधिकारियों के साथ धमतरी रेलवे स्टेशन परिसर का किया अवलोकन
- काबिज लोगों ने आवास छोड़ने का बना लिया है मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रेलवे की जमीन पर बने चिन्हांकित मकानों को अब खाली करने का वक्त आ गया है। शुक्रवार को आलाधिकारियों द्वारा रेलवे परिसर का अवलोकन करने के बाद स्टेशनपारावासियों ने विस्थापित होने के दर्द के साथ अब घर छोड़ जाने का मन बना लिया है। उन्हें दुख इस बात का है कि विस्थापित करने के लिए महिमासागर वार्ड तथा मैला गड्ढा के पास बनाए जा रहे एएचपी आवास सालों बीतने के बाद भी आधा अधूरा है। आवास में लाइट और शौचालय नहीं होने से उनका जीवन दयनीय हो जाएगा।

धमतरी रेलवे स्टेशन के काम में अब गति पकड़ने की उम्मीद है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार की शाम रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से रेलवे स्टेशन परिसर के विकास और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन के कार्यों को पूरा करने को कहा और रूकावट एवं परेशानियों की जानकारी भी थी। रेलवे चीफ इंजीनियर पीके सामंत ने बताया कि स्टेशन भवन का कार्य पूर्णतः की ओर है। रेल ट्रेक बिछाने का काम अतिक्रमण के कारण शुरू





नहीं किया जा सका है। स्टेशन परिसर की जद में आने वाले करीब 250 परिवारों को अन्य जगह पर शिफ्ट किया जाना है लेकिन यह कार्य समय पर नहीं होने के कारण पटरी बिछाने के नाम में देर हो रही है। चीफ इंजीनियर श्री सामंत ने बताया कि ब्राडगेज रेललाइन बनने से धमतरी स्टेशन सीधे दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता से जुड़ जाएगा। धमतरी स्टेशन में एक मेनलाइन के साथ दो लूप लाइनवाले प्लेट फार्म बनेंगे। यहां एक गुड्स शेड भी बनेगा जहां लगेज की आवाजाही की अलग व्यवस्था रहेगी। स्टेशन के मुख्य द्वार के पास पार्किंग एवं पार्क विकसित किए जाएंगे।


कलेक्टर श्री मिश्रा ने निगम आयुक्त तथा एसडीएम को तत्काल टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश मौके पर ही दिए। अतिक्रमण हटाने से पहले डी-मार्केशन दो दिन में करने को कहा। बिछने वाले रेलवे ट्रेक स्थल के किनारे से भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेलवे अधिकारी की मांग पर सांकरा से धमतरी के बीच मिट्टी आपूर्ति के लिए नियमानुसार रेल अधिकारियों को मदद करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बताया कि रेलवे सुविधाओं के विस्तार से धमतरी देश के अन्य प्रमुख स्थानों से जुड़ जाएगा। धमतरी पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ यहां के चावल उद्योग और वनोपज के व्यापार को गति मिलेगी।

## विस्थापित होने का दर्द छलका, कहा-जहां बसाया जा रहा है वहां शौचालय और लाइट नहीं



कलेक्टर सहित रेलवे अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन का अवलोकन के बाद रेलवे की जमीन पर काबिज परिवारों ने अपना मकान छोड़ने का मन बना लिया है। शनिवार को स्टेशनपारा में दिन भर विस्थापन की चर्चा होती रही। स्टेशनपारा में करीब 40 साल का एकांकी जीवन बिता चुकी बुजुर्ग महिला बुधियारिन कहती हैं कि उनका कोई रिश्तेदार नहीं है। 50 साल पहले राजनांदगांव से धमतरी पहुंची। स्टेशनपारा ने उसे ठिकाना दिया। बुढ़ापे में उसका अब कहां ठिकाना होगा, उसे नहीं मालूम। महिमासागर, मैलागड्ढा में निर्माणाधीन आवासों में अन्य लोगों ने कब्जा जमा लिया है। प्रतिमा कोर्राम कहती हैं कि स्टेशनपारा में किराये पर रह रहे लोगों ने अपने तथा बेटे, बेटियों के नाम पर 3 से 4 आवासों पर कब्जा कर रखा है। ऐसे लोगों को हटाकर स्टेशनपारा के चिन्हांकित लोगों को आवास देना चाहिए। ममता गुड़म, अनुसुइया ध्रुव, सावित्री ध्रुव, रामेश्वरी ध्रुव, कनिजा बेगम ने बताया कि जहां उन्हें बसाया जाना है वहां बाहर से आए लोगों ने कब्जा जमा किया है। 2017 में विस्थापन के लिए काबिज लोगों की सूची बनाई गई थी। उस सूची के अनुसार उन्हें विस्थापित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जहां उन्हें विस्थापित किया जाएगा वहां शौचालय और लाइट नहीं है। वहां मौजूद लोग आसपास तालाब एवं खाली जगह पर शौच करने जाते हैं। उनका कहना है कि जब निगम में कांग्रेस की सत्ता थी तब वर्तमान महापौर रामू रोहरा उनके लिए विस्थापन की आवाज उठाते रहे। अब महापौर बनने के बाद शांत हो गए हैं। उनके हक की बात करने वाले महापौर को अब विस्थापन के लिए समुचित व्यवस्था करनी चाहिए।

# सगाई से लौट रही बोलेरो नाले में घुसी, 11 घायल









- भोथली-कण्डेल मार्ग में हुई घटना

**धमतरी।** सगाई कार्यक्रम संपन्न कर निषाद परिवार वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर नाले में घुस गई। घटना में सवार 11 लोगों को चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार पाटन क्षेत्र के ग्राम चुलगहन निवासी शंकर निषाद के पुत्र मनीष निषाद की शादी ग्राम ढीमरटिकुर नवागांव में तय हुई है। शंकर निषाद शुक्रवार को अपने परिवार व रिश्तेदारों को लेकर सगाई के लिये ढीमरटिकुर नवागांव पहुंचे थे। शाम को सगाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद सभी लोग भोजन कर देर रात्रि बोलेरो में सवार होकर वापस घर चुलगहन के लिए निकले। बोलेरो में निषाद परिवार के लगभग 11 लोग सवार थे। भोथली-कण्डेल मार्ग से गुजर रही बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर नाले में घुस गई। इस घटना में बोलेरो में सवार फूलेश्वरी निषाद उम्र 60 वर्ष चुलगहन, रजनी बाई निषाद 45 वर्ष ग्राम निपानी, पायल निषाद उम्र 12 वर्ष ग्राम तुलसी, शंकरलाल निषाद उम्र 48 वर्ष चुलगहन, मनीषा निषाद उम्र 26 वर्ष सहित अन्य लोगों को चोट आई है। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान, नमेश साहू व डोमन साहू एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहीं संजीवनी 108 भी मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। मामूली रूप से घायल हुए लोग प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गये। वहीं घटना में रजनी बाई व पायल निषाद के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल महिला को रिफर के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पायल को जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती किया गया।

बताया गया है कि सगाई के बाद वापसी के समय बोलेरो का चालक शराब के नशे में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ है।

# खुद की जेसीबी मशीन से घायल हुआ ठेकेदार

- सोरिद की घटना

**धमतरी।** आपरेटर को काम बताते समय एक ठेकेदार अपनी ही जेसीबी मशीन की चपेट में आकर घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हीरालाल सोनकर पिता राधेश्याम उम्र 50 वर्ष ग्राम कोलियारी थाना अर्जुनी निवासी ठेकेदारी का काम करता है। उसके पास स्वयं की जेसीबी मशीन है। इन दिनों उसकी जेसीबी मशीन का काम सोरिद में चल रहा है। शनिवार को ठेकेदार कार्यस्थल पर पहुंचकर जेसीबी आपरेटर को काम बता रहा था। आपरेटर जेसीबी के पीछे में लगे बैकेट को घुमा रहा था तभी जेसीबी का बैकेट किनारे में खड़े ठेकेदार के



पैर से जोरदार टकरा गया। इस घटना में ठेकेदार की बायीं जांघ टूट गई। उसे संजीवनी 108 से उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। माईनर ओटी में घायल की मरहमपट्टी की गई। लगभग आधे घंटे तक किसी भी डाक्टर के नहीं पहुंचने से परेशान होकर परिजन घायल का इलाज कराने अन्य अस्पताल चले गये। जबकि इस दौरान ओपीडी के अधिकांश डाक्टर कक्ष क्रमांक 1 में गप्पे मारने में व्यस्त थे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**



## खबर संक्षेप

### शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा कलश स्थापना आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत, जंवारा व कलश स्थापना आज की जाएगी। 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी पर्व श्रीराम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया है। जय मार्या मानस मंडली राजपुर, बस्तरिया मानस मंडली कोंडागांव, भूमिजा मानस मंडली रायपुर, राम सीता मानस मंडली कोटगांव कुरूद एवं मां की ममता मानस मंडली कांकेर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, सचिव गिरवर यदु ने दी है।

### स्पेशल ओलंपिक भारत छग की वार्षिक बैठक 31 को

**धमतरी।** स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक 31 मार्च को दोपहर 12 बजे सुराणा कॉलेज दुर्ग में आयोजित की जायेगी। बैठक में विगत तीन वर्षों की उपलब्धियों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया जाएगा। राज्य के सभी कार्यकर्ताओं, खेल प्रेमियों एवं दिव्यांगजनों के खेल प्रशिक्षण में रुचि रखने वाले कोच एवं वालंटियर्स इस बैठक में सहभागिता देंगे। यह बैठक स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में होगी।

### भर्रीगांव में कर्मा जयंती समारोह 31 को

**पुरूर(धमतरी)।** परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह 31 मार्च को ग्राम भर्रीगांव में रखा गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर होंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रीतम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि हलधर साहू, महेन्द्र कुमार साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जिपं सदस्य तेजराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू व विशेष अतिथि आरडी साहू, खेदूराम साहू, मीना साहू, हेमंत साहू होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे कलशयात्रा से होगा। रात्रि में गुरू के कृपा छत्तीसगढ़ी लोकरंग पंडवानी का कार्यक्रम होगा।

### जान्हवी नवोदय में चयनित

**मगरलोड।** केएल पब्लिक स्कूल में कक्षा पांचवीं की छात्रा जान्हवी



साहू का नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। वह प्रारंभ से मेधावी छात्रा रही हैं। वे डॉ योगेंद्र-रेखा साहू की पुत्री हैं। इनके चयन पर गवेंद्र साहू सहित शाला परिवार, पंचायत प्रतिनिधियों ने हर्ष जताया है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### आम सूचना

(शीट क्र. 33 डी प्लाट नं. 275/1, 275/2, 275/3, 275/4, 275/5 रकबा क्रमशः 372 वर्ग मीटर स्थित मराठा पारा वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के उक्त सम्पत्ति नजूल पट्टा विलेख के संबंध में)

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार, श्रीमती विमला सोनी पत्नी श्री दिनेश चंद सोनी, निवासी ब्राम्हण पारा वार्ड क्रमांक 15 धमतरी, उपरोक्त वर्णित संपत्ति की वैध पट्टाधारक मालिक हैं, जिन्होंने इसे श्री रज्जू गुप्ता और श्री मनोहर गुप्ता दोनों पिता स्व. श्यामलाल गुप्ता निवासी वार्ड बनियापारा, धमतरी (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है, जो 20-11-2015 को बुक ए.डी.-1, ग्रंथ क्रमांक- 9937, पृष्ठ 68 से 77, क्रमांक 1680 पर उप पंजीयक, कार्यालय धमतरी (छ.ग.) के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है।

उक्त संपत्ति को मूल रूप से नजूल विभाग धमतरी के द्वारा 30 वर्षों (1984-2014) के लिए पट्टे पर दिया गया था, और उक्त पट्टे की समाप्ति के बाद इसे पट्टेदार श्री रज्जू गुप्ता और श्री मनोहर गुप्ता दोनों पिता स्व. श्यामलाल गुप्ता के आवेदन पर नजूल विभाग, धमतरी द्वारा 07-10-2015 को 30 वर्षों के लिए 01-04-2014 से 31-03-2044 तक के अवधि के लिए श्री रज्जू गुप्ता और श्री मनोहर गुप्ता के पक्ष में नजूल विभाग धमतरी के प्रकरण क्रमांक 1 ए/20(आई)/2015-2016 के तहत पुनः नवीनीकृत किया गया था। हालाँकि, पूर्ववर्ती पट्टेदारों (श्री रज्जू गुप्ता और श्री मनोहर गुप्ता दोनों पिता स्व. श्यामलाल गुप्ता) ने मेरे पक्षकार को वर्ष 2015 का मूल पंजीकृत नवीनीकरण पट्टा विलेख या वर्ष 1984 का मूल पट्टा विलेख उपलब्ध नहीं कराया। इसके बावजूद, मेरे पक्षकार ने उपरोक्त विक्रय के आधार पर आदेश दिनांक 10-02-2016 नामांतरण पंजी क्रमांक 101 के तहत नजूल विभाग धमतरी के नजूल खसरा अभिलेखों में अपना नाम विधिवत दर्ज करा लिया है और उन्हे उपरोक्त संपत्ति का वैध पट्टाधिकार प्राप्त है।

अतः किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, शासन प्रशासन एवं अन्य को उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के पट्टा विलेख जिसका विवरण उपरोक्तानुसार है के संबंध में या उपरोक्त सम्पत्ति के हक स्वामित्व एवं कब्जे के संबंध में कोई दावा आपत्ति उजर हो तो वह मेरे समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के सात (07) दिनों के अंदर मेरे नीचे वर्णित पते पर प्रस्तुत करे निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति शून्य एवं नाजायज मानी जाकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**दिनांक 29/03/2025**

सौरभ मिश्रा
अधिवक्ता
कार्यालय ईत्तवारी बाजार धमतरी
मो.नं.-9285346788, 6266727945

---

आज लगेगा जातरा मेला, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी पूजा-अर्चना

# निरई माता के दर्शन करने उमड़ेगी भक्तों की भीड़

सुरेश साहू ⏭ मगरलोड

विकासखंड मगरलोड से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई की पहाड़ी में विराजित निरई माता अदृश्य रूप में हैं। वर्ष में एक बार चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को जातरा मेला का आयोजन किया जाता है। ग्राम मोहेरा, निरई सहित आसपास गांव के आदिवासी समाज द्वारा निरई माता की पूजा अर्चना में सहयोग किया जाता है। निरई माता अदृश्य होकर भी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। ग्राम मोहेरा से लगभग 3 किलोमीटर दूर ऊंची पहाड़ी में बड़ी खोह के अंदर माता वास करती हैं।

भक्तों का कहना है कि निरई माता पहाड़ी में निवासकर आसपास भ्रमण करती हैं। निरई माता की पूजा अर्चना एवं जातरा वर्ष में एक बार चैत्र नवरात्रि को प्रथम रविवार को होता है। जातरा के दिन पुजारी बाजे-गाजे के साथ माता की श्रृंगार सामग्री पहाड़ी में जाकर गुफा वाली माता को समर्पित करता है। माता के पूजा स्थल पर नारियल, अगरबत्ती चढ़ाया जाता है। मनोकामना पूर्ण होने पर हजारों भक्तों द्वारा जातरा के दिन माता को चढ़ावा किया जाता है।

### अदृश्य रूप में माता चमत्कारिक हैं

निरई माता का मंदिर नहीं है। अदृश्य होकर माता चमत्कारिक हैं। भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं विश्वास से मांगे गये मन्नत को माता पूर्ण करती हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व में माता के निवास ऊंची पहाड़ी में दीपक ज्योति की तरह प्रकाश पुंज स्वयं प्रज्ज्वलित होता है। बिना तेल, बाती व दीए का स्वयं प्रज्ज्वलित होना माता के चमत्कारिक प्रभाव को माना जाता है।



### माता मधुमक्खी का रूप धारण कर भ्रमण करती हैं

जातरा के दिन निरई माता मधुमक्खी रूप धारण कर पहाड़ी सहित आसपास भ्रमण करती हैं। यह प्रमाणित है कि कोई भी भक्त जातरा के दिन पहाड़ी के आसपास शराब सेवन करता है तो उसे माता के प्रकोप का का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार माता की बुराई करन पर वह मधुमक्खी के प्रकोप का शिकार हो जाता है।

### प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली

निराई माता की चमत्कारिक मान्यता की प्रसिद्ध दूर-दूर तक फैली है। जातरा के दिन माता के दर्शन के लिए धमतरी ,दुर्ग ,गरियाबंद , महासमुंद , रायपुर, बलौदाबाजार , कांकेर, बिलासपुर सहित अन्य जिलों के भक्तगण आते हैं। माता के जातरा में लाखों भक्तों की भीड़ होती है। इस वर्ष निरई माता का जातरा आज रविवार को मनाया जाएगा। निरई माता की काल्पनिक प्रतिमा कच्ची मिट्टी से बनाकर स्थापित की जाती है। उसी जगह पर पूजा अर्चना कर नारियल अगरबत्ती सहित बलि का कार्य किया जाता है। मन्नत पूर्ण होने वाले भक्तों द्वारा नवरात्रि पर्व पर प्रत्येक रविवार को भी चढ़ावा किया जाता है। जय निरई माता सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष निरई माता की पूजा सुबह 10 बजे से शाम 5 तक होगी।

# आज से चैत्र नवरात्रि : कुरुद सहित अंचल के देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत

■ मंदिरों को आकर्षक लाइट और पुष्पगुच्छ से सजाया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ हो रहा है। कुरुद सहित अंचल के देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत जगमगाएंगे। आगामी नौ दिनों तक मनभावन और भक्तिमय जसगीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होगा। देवी मंदिरो में श्रद्धालुजन मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर परिवार की सुख शांति के लिए अर्जी लगाएंगे। इस वर्ष भी नगर की आराध्या देवी मां चंडी, मां शीतला सहित जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी में शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किये जाएंगे जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। मंदिरों को आकर्षक लाइट डेकोरेशन और पुष्पगुच्छ से सजाया गया है। माता के भुवनों में आज से जससेवा गीतों की अविरल धारा मन को शांति और समरसता की ओर ले जाएगी। परंपरानुसार जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मीना बाजार लगेगा।



ज्ञातव्य है कि हर साल चैत्र नवरात्रि पर कुरुद में भव्य मेला का आयोजन होता है, जिसे देखने काफी संख्या में लोग उमड़ते है। इस बार मेले में ऑक्टोपस झूला, टोरा टोरा झूला, हवाई झूला, सुपर ड्रैगन, ब्रेकडांस झूला, भूत बंगला, मिक्की माउस, टाइटेनिक, रेंजर झूला, झूला बेबी, ट्रेन सालंबो झूला, मौत का कुआं, मोटर बोट, मोटरसाइकिल धूम, स्कॉर्पियो धूम, विभिन्न राज्य से आई सुसज्जित दुकानें व मीना बाजार आकर्षण का केंद्र होगा।

### परीक्षा में पास कराने आ रहे फर्जी फोन काल्स

■ पुलिस ने पालकों से सावधान रहने की अपील की

**धमतरी।** बोर्ड परीक्षा के छात्र-छात्राओं के पालकों को पास कराने पैसे की डिमांड के लिये आने वाले फर्जी फोन काल्स से सावधान रहने की पुलिस ने अपील की है। धमतरी पुलिस ने अपील की है कि दसवीं व बारहवीं बोर्ड के छात्र-छात्राओं के पालकों को फर्जी काल्स आ रहे हैं जिसमें कहा जाता है कि तुम्हारा बेटा या बेटी 2 विषय में फेल है। तुम 5 हजार या 10 हजार रूपये दो नहीं तो आपका बच्चा फेल हो जायेगा। इस तरह के फर्जी काल्स को नजरअंदाज करें। धमतरी पुलिस सभी पालकों से ऐसे फोन काल्स के झांसे में नहीं आने व कॉलर पर विश्वास नहीं करने तथा तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर काल कर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

# मेंडरका में मनाई गई कर्मा जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम मेंडरका में साहू समाज के तत्वावधान में भक्तिन माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाजे-गाजे के साथ दर्जनों महिलाओं एवं युवतियों ने पीले वस्त्र धारण कर कलशयात्रा निकाली। गांव की गलियों का भ्रमण किया। पश्चात आयोजन स्थल पर पहुंचकर मां कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोषण साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भगवान की भक्ति के साथ ही उनके दिखाए राह पर चलने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डीलन चंद्राकर सरपंच दहदहा थे। मौके पर नेमीन सिन्हा सरपंच, सनत साहू, रुपराम साहू, कुंजराम साहू, जगमोहन साहू, हीरू साहू, चमन साहू, राजेश साहू, टामेश्वर साहू, शीतल साहू, राम साहू, चंद्रिका साहू, चंद्रकला साहू, नीरा साहू, नंदनी साहू, रूपेश्वरी साहू, जागृति साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### आग में जलने से बुजुर्ग महिला की मौत



**धमतरी।** घर के आंगन में एक बुजुर्ग महिला का शव जली हालत में मिला है। घटना को लेकर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम करेठा निवासी तुलसा बाई सोनकर पति धनसाय उम्र 85 वर्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। शनिवार की सुबह घर के लोग अस्पताल गये थे। वृद्धा घर पर अकेली थी। परिजन जब घर लौटे तो वृद्धा को आंगन में जली हालत में पाया। उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना रूद्री पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस व परिजनों ने वृद्धा द्वारा अग्निस्नान कर आत्महत्या करने की आशंका जताई है।

# अमलीडीह में कर्मा जन्मोत्सव पर सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

■ मां कर्मा से प्रेरणा लेकर समाज की महिलाएं अपनी भागीदारी दिखाएं : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा द्वारा ग्राम अमलीडीह में मां कर्मा जन्मोत्सव पर भक्त मां कर्मा सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभावान विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कलश शोभायात्रा से हुई। तत्पश्चात दिया के अंजोर फाग मंडली पेण्ड्री (गुण्डरदेही) की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इस दौरान बतौर अतिथि जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि हमें गर्व होता है कि हम ऐसे साहू समाज के वंशज हैं जिसमें भक्त शिरोमणि मां कर्मा जैसी महान विभूति हुई जिन्होंने भगवान जगन्नाथ को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाकर तेली कुल का नाम रोशन किया। हमें भी कुछ ऐसे ही उल्लेखनीय कार्य कर अपने घर, परिवार व समाज का नाम रोशन करना है। खासकर महिलाओं को आगे आकर सामाजिक भागीदारी दिखाने की जरूरत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती केकती साहूउपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, नीलमणि साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, श्रीमती लक्ष्मी अशोक साहू सदस्य जिला पंचायत बालोद, श्रीमती देहुति साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, श्रीमती रेखा शेषनारायण साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, नन्द कुमार साहू संरक्षक, नरेन्द्र कुमार साहू संरक्षक, गणेश राम साहू सलाहकार, बलकराम साहू, श्रीमती नेमीन माधव साहू सरपंच अमलीडीह, बलदाऊ साहू संगठन मंत्री, छन्नू लाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष, गुणेश्वर साहू व बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



### सामाजिक कुरीतियों को दूर कर प्रगति की दिशा में है साहू समाज

जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने साहू समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर कर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की ऐसी कई रूढ़ियां चली आ रही हैं जिसे साहू समाज एक-एक करके दूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशा सभी समाज के लिए घातक है। नशा और उन्नति एक साथ कभी नहीं हो सकता। समाज को आगे बढ़ाने के लिए नशा को समाज से दूर रखना ही होगा। कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा ने कहा कि साहू समाज मितव्ययता के लिए जाना जाता है। बचत से संचित धन राशि का उपयोग अपने बच्चों की उच्च शिक्षा व अच्छी परवरिश के लिए करें।

# सांकरा में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में हो रही शराब की अवैध बिक्री का हिन्दू संगठन द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे मिलीभगत का अंदेशा है। हिन्दू संगठन के युवाओं ने बताया कि हाईस्कूल के सौ मीटर के दायरे में अवैध शराब की बिक्री हो रही है जिससे स्कूल आने वाले बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। पुलिस विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। लोगों का कहना है कि जिस दिन शिकायत करो उस दिन पेट्रोलिगं कर चले जाते हैं। कई लोग तो शराब पीने के लिए स्कूल के समीप ही आफिस बना लिए हैं। शाम होते ही गाली-गलौज शुरू हो जाती है जिससे मेन रोड पर आने जाने वाले व्यक्ति परेशान रहते हैं। श्रीराम सेना के लोग खुलकर विरोध कर रहे हैं। नई शराब दुकान खुलने की बात पर जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा का कहना है कि यहां दुकान नहीं खुलनी चाहिए। खुलने पर गांव में शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

विरोध करने वालों में अध्यक्ष प्रवीर साहू, उपाध्यक्ष यश साहू, कोषाध्यक्ष भरत पटेल, सचिव डेविड साहू, सहसचिव पोखराज तारक, संचालक टेकांत सोनी, मीडिया प्रभारी आशु सोनी, विक्की साहू, दयानंद साहू, चिरंजीव साहू, सुनील, नवदीप, ऋतिक, सौरभ, अनिकेत, मनीष साहू, रोमन, टीकू, नीरज, दुर्गेश, अमित भंडारी, मिलेंद्र पटेल, दीपक, मोनू, चंद्रकांत शामिल हैं।



हिन्दू संगठन ने की प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ,
प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### जनपद अध्यक्ष ने हितग्राही को गृह प्रवेश कराया



**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही कुंतीबाई साहू का नवनिर्मित भवन बनकर तैयार है। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने पूजा-अर्चना पश्चात हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर सरपंच सीता बाई साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष रिपुसुदन साहू, परमा साहू, परमानंद साहू, रोजगार सहायक भूपेंद्र साहू, आवास मित्र शारदा सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्युत सबस्टेशन का किया शैक्षणिक भ्रमण



**नगरी।** आईटीआई नगरी-सिहावा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे व्यवसाय विद्युतकार के प्रशिक्षणार्थियों को विद्युत सबस्टेशन नगरी का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षण अधिकारी विद्युतकार मिथिलेश कुमार साहू एवं आपरेटर चंद्रहास द्वारा ट्रांसफार्मर एवं विद्युत से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। मौके पर कमलकांत साहू, त्रमन साहू, हर्षिता समेत अन्य प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### स्कूलों में दी गई यातायात नियमों की जानकारी





**अंवरी।** सरस्वती शिशु मंदिर एवं भारतीय संस्कृति विद्यालय भखारा में होंडा कम्पनी द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्रो. भागवत साहू ने बताया कि 31 मार्च तक अन्य स्कूलों में भी यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी। मौके पर शिववर प्रसाद, जागेश्वरी साहू, करुणा साहू, कृष्णा, टुकेश, मधु चतुर्वेदी, विष्णु साहू, तोषण साहू, शिक्षकगण बीजेके साहू, गोमती साहू, श्रध्दा साहू, कंचन सोन, सूरज साहू, हिना साहू, प्रतिभा गौर, लीना साहू, शाहिन, निशा, सुशीला साहू उपस्थित थे।

### समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी





■ हल्बा समाज का वार्षिक अधिवेशन बिरगुड़ी में हुआ

**नगरी।** बिरगुड़ी में अखिल भारतीय आदिवासी बोलोधीय हल्बा समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल बारला ने की। सभापति ईश्वर रावटे ने कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी है। समाज के संरक्षक फूलचंद अंगोछिया एवं रंजीत धनेलिया ने प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा एवं शासन की योजना का लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर अनिश ताराम को व्यापार, राधेश्याम ठाकुर को विद्युत क्षेत्र, चमन घनेलिया को शिक्षा जगत, देवकुमार औरसा को सीआरपीएफ में चयन के लिए सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अमृतलाल बारला ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति का विकास जरूरी है। सचिव राधेश्याम ठाकुर एवं अश्वनी रावटे ने आय-व्यय का ब्योरा दिया।

### पीएम आवास के लिए बेलौदी में फिर से सर्वे



**मगरलोड।** शासन के निर्देशानुसार ग्राम बेलौदी में रोजगार सहायक, आवास मित्र, सरपंच द्वारा पीएम आवास से छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने दृढ़ संकल्पित हैं। इसी क्रम में गांव में प्रधानमंत्री आवास के छूटे हितग्राहियों का फिर से सर्वे किया जा रहा है।

### डोंगेश्वर धाम में मना पीएम आवास गृह प्रवेश उत्सव



**पुरी।** ग्राम देवपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों में 29 मार्च को गृह प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य रूप से जनपद पंचायत धमतरी से राधा ध्रुव, विकास साहू, सरपंच देवलाल साहू, उपसरपंच व सभी पंचगण उपस्थित थे। सरपंच ने हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। हितग्राहियों ने पीएम आवास मिलने पर खुशी व्यक्त की। पूजा कोमल तिवारा महाराज ने संपन्न कराई।

# चेट्रीचंड्र जू लख्-लख् वाधायूं...

## आयो लाल झूले लाल...

## आयो लाल झूले लाल...



**झूलेलाल की जीवनी :** झूलेलाल जी को जल के देवता वरुण का अवतार माना जाता हैं. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में चन्द्र दर्शन की तिथि को सिंधी चेटीचंड मनाते हैं. इनकी पूजा तथा स्तुति का तरीका कुछ भिन्न हैं जल के देव होने के कारण इनका मंदिर लकड़ी का बनाकर जल में रखकर इनके नाम दीपक जलाकर भक्त आराधना करते हैं. चेटीचंड के अवसर पर भक्त इस मंदिर को अपने शीश पर उठाते हैं जिन्हें बहिराना साहिब कहा जाता हैं जिनमें परम्परागत छेज नृत्य किया जाता हैं.

**झूलेलाल जी का इतिहास जीवनी :** सिंध प्रान्त से भारत में आकर भिन्न भिन्न स्थानों पर बसे सिंधी समुदाय के लोगों द्वारा झूलेलाल जी की पूजा की जाती हैं. ये उनके इष्ट देव हैं. सागर के देवता, सत्य के रक्षक और दिव्य दृष्टि के महापुरुष के रूप में इन्हें मान्यता दी गई हैं. ताहिरी, छोले (उबले नमकीन चने) और शरबत आदि इस दिन बनाते हैं तथा चेटीचंड की शाम को गणेश विसर्जन की तरह बहिराणा साहिब का विसर्जन किया जाता हैं।

आयो मच्छी ते चड़ी
कंदो मुरादा पूरी
थींदो नयाणिं
जो भलो भाग
व्यापारी थींदा शाहुकार
चओ आयो लाल
झूले लाल...



























प्रस्तुति एवं संकलनकर्ता : उमेशसिंह बशिष्ट ब्यूरोचीफ हरिभूमि धमतरी 9826114710, रविसिंह राजपूत मार्केटिंग 8305871196

## अंचल की खबरें

### जैन मुनियों का नगर प्रवेश आज

**धमतरी।** अध्यात्म योगी महेंद्रसागर मसा, मनीषसागर मसा एवं श्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या हंसकीर्ति श्रीजी महाराज साहब आदि ठाणा का चतुर्विद संघ के साथ मंगल प्रवेश आज 30 मार्च को प्रातः 8:30 बजे आदिश्वर जिनालय, गोल बाजार से श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार के लिए होगा।

### चटौद में आदिवासी नगारची समाज सम्मेलन आज

**अंवरी।** ग्राम चटौद में 30 मार्च को आदिवासी नगारची समाज परिक्षेत्र मुरा द्वारा सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे कलश यात्रा, 11 बजे आदि शक्ति बूढ़ादेव की स्थापना पूजा स्तुति, 12 बजे अतिथियों एवं समाज प्रमुखों का स्वागत, 12:30 बजे अध्यक्ष द्वारा प्रतिवेदन पाठन, दोपहर 1 बजे अतिथियों का उद्बोधन होगा। शाम 4 बजे सामाजिक परिचर्चा होगी। यह जानकारी मनोज नगारची ने दी है।

### धमतरी में मध्यप्रदेश से पहुंच रही अवैध शराब

**धमतरी।** सामाजिक कार्यकर्ता शत्रुहन सिंह साहू ने शहर में बढ़ते हुए अपराध और अवैध शराब की बिक्री पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि



नशा एक सामाजिक बुराई है जो स्वस्थ समाज के लिए बेहद घातक है। नशे का कारोबार करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। धमतरी जिला मुख्यालय में प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी कर कोचियों द्वारा बेखौफ घर पहुंच सेवा दी जा रही है, इतना ही नहीं कई ढाबों में खुलेआम शराब बेची और पिलाई जा रही है। नशे के कारण सड़क दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या पारिवारिक कलह और लूट की वारदातें जैसे अपराध घटित हो रहे हैं। यदि नशे का व्यापार ऐसे ही फलता फूलता रहा तो धरम की नगरी धमतरी को अपराध की नगरी बनने में समय नहीं लगेगा।

### दंतेश्वरी मंदिर में ज्योत के लिए पंजीयन जारी

**कोर्रा(भखारा)।** नगर पंचायत भखारा भठेली बस्ती स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में ज्योत के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। तेल के लिए 1001 व घी के लिए 1501 रुपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। 30 मार्च को ज्योति स्थापना पूजा, 2 अप्रैल को पंचमी तिथि एवं श्रृंगार होगा। रात्रि में जय मां विंध्यवासिनी अक्षरा के 6 महिला रामधुनी मंडली गोकुलपुर धमतरी की प्रस्तुति होगी। अष्टमी हवन 5 अप्रैल शनिवार को रखा गया है। पूजा हवन के बाद माता का प्रसाद दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक वितरित किया जायेगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ लोक रिकॉर्डिंग डांस परिवार कारी छाबिलिया ग्राम दरगहन (छुही सलोनी) की प्रस्तुति होगी। 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। कार्यक्रम संचालन के लिए पदाधिकारी का गठन किया गया है।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**धमतरी।** साइकिल से अपने घर जा रहे अधेड़ को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम थूहा निवासी उदेराम साहू पिता गणपत उम्र 58 वर्ष शुक्रवार की सुबह साइकिल से भाठागांव स्थित बैंक आफ बड़ौदा गया था, जहां से दोपहर को साइकिल चलाते वापस अपने घर ग्राम थूहा लौट रहा था। इसी दौरान बैंक से थोड़ी दूर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अधेड़ साइकिल सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये कुरूद अस्पताल लाया गया। वहां से रिफर करने पर घायल को धमतरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### मौसम बनाएगा अप्रैल फूल

- 1 अप्रैल से मेघ गर्जन, तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार
- तापमान में आएगी गिरावट

**धमतरी।** मार्च माह में लोगों को अप्रैल की गर्मी सताने लगी है। राहत की बात यह है कि मौसम फिर करवट ले रहा है और 1 अप्रैल से छग में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा और हल्की बारिश के आसार है। आगामी दो दिनों में गर्मी का पारा 2 से 3 डिग्री गिर सकता है। जिले में भीषण गर्मी की मार पड़ने वाली है। आमतौर पर लू वाली गर्म हवाएं मई के पहले पखवाड़े में चलती हैं लेकिन इस साल अप्रैल के महीने में ग्रीष्मलहर की स्थिति बनने की संभावना है। इस बार गर्मी की शुरुआत समय से पहले हो गई है। मार्च के दूसरे पखवाड़े से गर्मी लोगों को हलाकान कर रही है। इस बार मई की गर्मी का एहसास अप्रैल माह में हो सकता है। तेज गर्मी के बाद थोड़ी राहत फिर भारी गर्मी वाला दौर जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दो दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दो दिनों में 2 से 3 डिग्री तापमान में गिरावट हो सकती है। 1 अप्रैल से प्रदेश में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चलने तथा हल्की वर्षा होने की संभावना है। मध्य छग में 31 मार्च तथा 1 अप्रैल को गर्म दिन की स्थिति बने रहने की संभावना है। बताया गया है कि एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा मध्य छग और आसपास समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। रविवार को मौसम शुष्क रहेगा। एक दो स्थानों पर गर्म दिन की स्थिति बनेगी।

### वित्तीय वर्ष की समाप्ति कल

**धमतरी।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति 31 मार्च को हो जाएगी। लेखा जोखा तैयार करने के लिए सभी बैंक रविवार-सोमवार को भी खुले रहेंगे पर लेन-देन नहीं होगा। बैंक प्रबंधक से मिली जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक के निर्देश पर इस वर्ष 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होगी। प्रबंधक ने बताया कि सालभर के लेनदेन की वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट तैयार के लिए दो दिन बैंक कार्यालय खुले रहेंगे पर लेन-देन नहीं होगा। प्रबंधक का कहना है कि सभी कर्मचारी शनिवार से अंतिम एकाउंटिंग के लिए जुट गए हैं। सालभर का लेखा-जोखा तीन दिन में तैयार करना है। जीएसटी, इंकम टैक्स आदि के लिए 1 अप्रैल से 31 मार्च तक नए वित्तीय वर्ष में जोड़ा जाएगा।




नवरात्रि आज से, जलेंगे आस्था के ज्योत

# नौ दिनों तक माता की भक्ति में डूबेंगे श्रद्धालु

- मंदिर प्रबंधकों द्वारा भक्तों के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





चैत्र नवरात्रि आज 30 मार्च रविवार से प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। देवी मंदिरों का रंगरोगन कर आकर्षक रंगबिरंगी लाइट लगाई गई है। मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित करने अलग से कमरा तैयार है। तेल और घी से ज्योत जलेंगे। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर प्रबंधकों की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को पूजा-पाठ, आरती, दर्शन के समय तकलीफ न हो।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि 30 मार्च से प्रारंभ हो रही नवरात्रि का पर्व 6 अप्रैल तक रहेगा। माता रानी इस वर्ष हाथी पर सवार होकर आएंगी। इस दिन हिन्दू नववर्ष की शुरुआत होगी। इसी दिन भगवान झूलेलाल जंयती महोत्सव, ओणम, गुड़ी पड़वा आदि मनाया जाएगा। नवरात्रि मां दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित है। रविवार को नवरात्रि प्रारंभ, पंचमी 2 अप्रैल एवं अष्टमी हवन 5 अप्रैल को तथा महानवमी 6 अप्रैल को मनेगी। इस दिन भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शहर में भव्य श्रीरामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर सहित गांवों में रामनवमी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। विवाह का शुभ मुहूर्त होने पर दिनभर वैवाहिक कार्यक्रम होंगे।

नवरात्रि को लेकर सभी मंदिरों में खासकर देवी मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। शहर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर, गायत्री मंदिर, शीतला मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, रत्नेश्वरी मंदिर, कालिका मंदिर सहित सभी देवी मंदिर शाम को गोधूलि बेला में मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित होंगे। मंदिरों में पंजीयन प्रारंभ है। रविवार को रात्रि 8 बजे तक पंजीयन होगा।

मां विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार एवं मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट के जेएल मरई ने बताया कि मंदिर में शाम को ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। मंदिर को आकर्षक लाइट से सजाया गया है। भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग पंक्ति बनाई गई है। अलसुबह मंदिर के पट खुलने के बाद देर रात्रि तक कपाट खुले रहेंगे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल एवं वालंटियर की पर्याप्त व्यवस्था है। दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। महिला पुलिस बल की व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिए की गई है।

### चेट्रीचंड महोत्सव, नववर्ष की शुरुआत

रविवार को नवरात्रि उत्सव के प्रारंभ के साथ भगवान झूलेलाल साईं का जन्मोत्सव, चेट्रीचंड महोत्सव, महाराष्ट्रीयन त्योहार गुड़ी पड़वा, विजय पताका, शालीवाहन शक, पूरनपोली आदि मनाया जाएगा। इस दिन विक्रम संवत की शुरुआत होगी। 30 मार्च को झूलेलाल मंदिर में 9 बजे आरती, 11 बजे युवाओं की बाइक रैली, दोपहर 12.30 बजे भंडारा, शाम 4 बजे शोभायात्रा, 9.30 बजे महाआरती, रात 10 बजे नृत्य व आम भंडारा होगा।

# मूल्यांकन कार्य की तिथि में परिवर्तन करने की मांग



- सहायक शिक्षक फेडरेशन ने बीईओ कुरूद को ज्ञापन सौंपा
- अपेक्षित संशोधन नहीं होने पर मूल्यांकन कार्य का करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

व्हाट्सएप पर बीईओ कार्यालय कुरुद द्वारा मूल्यांकन कार्य हेतु निर्देश जारी होते ही सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कुरूद ने चैत्र नवरात्रि व मुस्लिम पर्व ईद के मद्देनजर मूल्यांकन की तिथि में आवश्यक संशोधन करते हुए 1 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य किये जाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी के नाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरुद को ज्ञापन सौंपा। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने बताया कि 30 मार्च को नवरात्रि के साथ रविवार को अवकाश का दिन है।

31 मार्च को ईद का शासकीय अवकाश है। दोनों ही पर्व आस्था से जुडा हुआ है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च कार्यालय के आदेश का हवाला देते हुए मूल्यांकन कार्य के लिए आदेशित किया है। जबकि मूल्यांकन कार्य 11 अप्रैल तक पूर्ण करने को कहा गया है।

### अवकाश को भी कार्यदिवस मानकर काम ले रहे

ब्लाक अध्यक्ष लुकेश साहू ने बताया कि उल्लास महापरीक्षा 23 मार्च रविवार को हुई। सभी शिक्षकों ने 10 से 5 बजे तक ड्यूटी की। उन्होंने यह भी बताया कि डीईओ से टेलीफोनिक चर्चा किये जाने पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को निलंबित करने की बात कही गई है। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने कहा कि यदि मांग के अनुसार अपेक्षित संशोधन नहीं किया गया तो अवकाश तिथि में मूल्यांकन कार्य का विरोध किया जायेगा। ज्ञापन सौपने वालों में सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, पदाधिकारीगण इंद्रजीत बंजारे, प्रदीप सोनबेर, लीलेश्वर ग्वाल, अभिषेक सिंह,खेमचंद देशलहरे, हरिशंकर सेन, सय्यद इनायत अली, शहनाज बानो, मदन चंद्राकर, रोमन रात्रे, अवधराम यादव समेत अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

# ईद के लिए शहर में सजी सेवइयों की दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुस्लिम समाज का प्रमुख त्योहार ईद चांद दिखने पर कल 31 मार्च को या 1 अप्रैल को मनाई जाएगी। ईद के लिए शहर के सदर बाजार में मीठी सेवइयों की दुकानें सजी हुई हैं। सदरबाजार में सेवइयों की दुकान सजाने वाले मोहम्मद शाहिद निर्बाण ने बताया कि वे और उनके पूर्वज पिछले 100 साल से सदर बाजार में सेवइयों की दुकान लगा रहे हैं, जहां शहर के लोग अपनी पसंद की सेवइयां खरीदते हैं। समय के साथ सेवइयों के रेट भी बढ़ गए हैं। वर्तमान में उसकी दुकान पर 100 रूपये से लेकर 400 रूपये तक सेवइयां हैं जिसे वे इलाहाबाद, बनारस, हैदराबाद, कलकत्ता, दिल्ली से मंगाते हैं। उनका कहना है कि सेवइयों की क्वालिटी की बात करें तो सभी सेवइयां देशी घी और उच्च क्वालिटी के आटे से बनती हैं जो सूखा रखने पर कभी खराब नहीं होगी। लोग इसे साल भर सेवन कर सकते हैं। सबसे ज्यादा ईद के त्योहार पर सेवइयां बिकती है। ईद के मौके पर बड़ी तादाद में ताजी सेवइयां मंगाते हैं। माह भर पहले से स्टाल लगाकर रखे हैं। लोग अपनी जरूरत के मुताबिक प्रतिदिन सेवइयां खरीदते हैं। खत्म होने के बाद तत्काल आर्डर से ताजी सेवइयां और मंगा लेते हैं।

अन्य दुकानदार मोहम्मद असलम, मोहम्मद सज्जाक, जहांगीर खान ने भी बताया कि उनके पास उत्कृष्ट क्वालिटी की सेवइयां उपलब्ध हैं जिनके दाम 100, 200, 300, 400 रूपये किलो है। सबसे ज्यादा फेनी सेवइयां बिकती है जिसे खाने के बाद लोग तारीफ करते हैं। घी और उत्कृष्ट क्वालिटी के आटे से बना लच्छा अपने आप में खास होता है।

### आत्मरक्षा की कला सीख रहीं रामपुर स्कूल की छात्राएं

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के स्कूल प्रांगण में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण पल्लवी द्वारा दिया जा रहा है। इसमें रामपुर स्कूल की सभी बालिकाएं भाग ले रही हैं।







# झूलेलाल जयंती पर सिंध शक्ति महिला संगठन ने निकाली स्कूटर रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



झूलेलाल जयंती पर शनिवार को सिंध शक्ति महिला संगठन ने शहर में स्कूटर रैली निकाली। इस आयोजन में सैकड़ों महिलाएं स्कूटर में सवार थीं। बुजुर्ग और बच्चों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। रैली में महिलाएं और युवतियां सफेद परिधान एवं केसरिया दुपट्टे में नजर आई। सिर पर केसरिया पगड़ी पहनी हुई थी। रैली के पूर्व सभी सदस्यों ने भगवान झूलेलाल साईं मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर रैली की शुरुआत की। रैली को वरिष्ठ सदस्य छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश रोहरा, जिलाध्यक्ष चंदु जसवानी एवं महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी सदस्य स्कूटर में झूलेलाल के झंडे लगाए थे। रैली का शहर में जगह जगह स्वागत हुआ। सदस्यों के लिए स्वल्पाहार, पेयजल की व्यवस्था थी। मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर से निकली रैली रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, मठ मंदिर चौक, गोलबाजार होते हुए घड़ी चौक पहुंची जहां आतिशबाजी व फूलों की वर्षा से स्वागत हुआ। 40 फीट ऊंची झूलेलाल की प्रतिमा के सामने महाआरती की गई जिसमें सभी समाजजन शामिल हुए। प्रसाद वितरण के बाद रैली सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुई।

